कार्यालय-अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर

पत्र सं0 : 194 /शैक्षिक/2026 दिनांक : अप्रैल 10, 2026

-: कार्यालय ज्ञाप : -

शैक्षिक सत्र 2025-26 के समस्त स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि सम सत्र की नियमित/कैरीओवर परीक्षाओं के परीक्षा फॉर्म **दिनांक 10/04/2026 से 22/04/2026 तक विश्वविद्यालय के ERP Portal** (https://erp.hbtu.ac.in/slogin.aspx) के माध्यम से ऑनलाइन पूर्ण करना सुनिश्चित करें। साथ ही, कैरीओवर परीक्षा में सम्मिलित हो रहे छात्र/छात्राएँ ERP Portal के माध्यम से ही ऑनलाइन आवेदन एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क रु0 1000/- प्रति विषय की दर से जमा करना सुनिश्चित करें, उपरोक्त तिथि के उपरान्त विलम्ब शुल्क रु0 200/- प्रति दिन (अधिकतम रु0 1000/-) के साथ परीक्षा फॉर्म पूर्ण किए जा सकेंगे। समयान्तर्गत परीक्षा फॉर्म न पूर्ण करने की स्थिति में परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित कर दिया जायेगा, जिसका उत्तरदायित्व स्वयं छात्र का होगा।

शैक्षिक सत्र 2025-26 के नियमित एवं कैरीओवर परीक्षाओं के प्रवेश पत्र परीक्षा से तीन दिन पूर्व ई0आर0पी0 पोर्टल के माध्यम से निर्गत किये जायेंगे।

(प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

प्रतिलिपि निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1- समस्त विभागाध्यक्ष ,एच0बी0टी0यू0 ,कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना के क्रम में अपने विभागाध्यक्ष के ERP लॉगिन से Subject/Course Master Data को पूर्ण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
2- अधिष्ठाता, छात्र-कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि समस्त छात्रावासों के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
3- परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
4- सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड/प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
5- विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
6- कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
7- सूचना पट्ट, शैक्षिक अनुभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

V Dixit 10/04/2026

(प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप